**प्रशिक्षण शिविर** | केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर

# प्रशिक्षणार्थियों को वितरित की पौष्टिक खाद्य सामग्री



**नवभारत,जबलपुर,18 मई।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वाधान में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चों के पोषण को बढ़ावा देने के लिए पूर्व फुटबाल प्रभारी बृंदावन वर्मा के सौजन्य से 350 युवा खिलाड़ियों को पौष्टिक खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम, आलोक श्रीवास्तव, महेश चन्द्र बलोदी, रावेन्द्र वर्मा, रमेश वर्मा, रोहित कुशवाहा, राजेश सिंह, कुलदीप बहादुर, पवन पटेल, क्रिस्टोफर नरोन्हा, विशाल सोना, हरीश नायक सहित विभिन्न खेल प्रभारी उपस्थित थे।

### खेल के प्रति सरोकार की भावना का परिचय : मेश्राम

केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव फिरोज कुमार मेश्राम ने कहा कि पूर्व फुटबाल प्रभारी बृंदावन वर्मा द्वारा प्रशिक्षण शिविर के नन्हें प्रतिभागियों को पौष्टिक खाद्य सामग्री का वितरण करना उनकी खेल के प्रति सरोकार की भावना का परिचय है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज और बृंदावन वर्मा जैसे पूर्व खेल प्रभारी का सहयोग बच्चों को बेहतर खिलाड़ी बनने और मैदान पर ऊर्जावान रहने की प्रेरणा देता है।

### पौष्टिक आहार देना सामाजिक जिम्मेदारी है : वर्मा

पूर्व फुटबाल प्रभारी बृंदावन वर्मा ने कहा कि युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ते देखना मेरा सबसे बड़ा पुरस्कार है। ग्रीष्मकालीन शिविर बच्चों को अपनी ऊर्जा को सही इस्तेमाल करना सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में केवल अभ्यास काफी नहीं है, बल्कि सही पोषण भी बहुत जरूरी है। इन बच्चों को पौष्टिक आहार देना हमारी सामाजिक जिम्मेदारी है, ताकि वे स्वस्थ और मजबूत बने रहे। संचालन वरिष्ठ फुटबाल खिलाड़ी क्रिस्टोफर नरोन्हा ने किया।




# जनगणना कार्य में 99 .2 प्रतिशत की अभूतपूर्व प्रगति

**5 चार्ज अधिकारी सम्मानित शहरी क्षेत्र के जनगणना कार्य में मिली सफलता**

**नवभारत,जबलपुर।** शहरी क्षेत्र के जनगणना कार्य में जबलपुर ने एक ऐतिहासिक कार्य किया है। नगर निगम सीमा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे जनगणना कार्य में 99.2 प्रतिशत की अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। इस महाअभियान में जुटे कुल 1,974 प्रगणकों में से अब मात्र 16 प्रगणकों का ही हाउस लिस्टिंग का कार्य शेष रह गया है, जिसे जल्द ही शत-प्रतिशत पूरा कर लिया जाएगा। वहीं, निर्धारित सभी 1,958 एच.एल.बी. हाउस लिस्टिंग ब्लॉक का कार्य सफलताप्रद ढंग से पूर्ण कर लिया गया है।

ऐतिहासिक सफलता को रेखांकित करने के लिए सोमवार को स्मार्ट सिटी कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान निगमायुक्त एवं मुख्य जनगणना अधिकारी रामप्रकाश अहिरवार द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले 5 चार्ज अधिकारियों क्रमशः भगवान सिंह दागी चार्ज 8 भानतलैया, संतोष पाण्डेय चार्ज 11 राजागोकुलदास धर्मशाला, मयंक चैरसिया चार्ज 12 घण्टाघर, सुदीप सिंह पटेल चार्ज 14 क्षेत्रीय बस स्टेण्ड एवं महेन्द्र सिंह उइके चार्ज 16 आनंद नगर को वाटर बोतल, डायरी, पेन और विशेष प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

निगमायुक्त ने बताया कि यह सफलता पूरी टीम के कड़े परिश्रम का परिणाम है। 99.2 प्रतिशत का आंकड़ा छूना यह साबित करता है कि जबलपुर हर बड़े और राष्ट्रीय महत्व के कार्य को समय सीमा में और पूरी शुद्धता के साथ करने में अग्रणी है।

बैठक में निगमायुक्त के साथ जनगणना निदेशालय भोपाल से विशेष रूप से वरिष्ठ अधिकारी मनोज नाथानी एवं मास्टर ट्रेनर डॉ. चंद्रशेखर राजहंस, अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, जनगणना सेल नगर निगम जबलपुर के हरनारायण पटेल, राजेश बमनेल, राजेश पासी एवं विकास खरे सहित सभी चार्ज अधिकारी और लिपिकीय स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# देवाधिदेव श्री आदिनाथ भगवान की भक्ति पूर्ण आराधना



**नवभारत,जबलपुर।** महाकौशल विंध्य रीजन के अंतर्गत दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जबलपुर नगर, मेन ग्रुप, संस्कारधानी ग्रुप, जाबालीपुरम ग्रुप, सतना मेन, सतना मैत्री,कटनी मेन, कटनी रॉयल, पाटन, शहपुरा ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव विनय अनीता जैन के मुख्य आतिथ्य में संगीतमय भक्तामर पाठ संगम कॉलोनी में रात्रि 9 बजे से आयोजित हुआ। इस दौरान विधानाचार्य पंडित शुभम् दीपाली जैन एवं गायिका साधना जैन ने भक्तामर के 48स्त्रोत व भजन की शानदार प्रस्तुति से सभागृह को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनय जैन राष्ट्रीय महासचिव फेडरेशन, सी ए मनोज साधना जैन अध्यक्ष महाकौशल विंध्य रीजन, सचिव हेमंत जैन, रीजन कोषाध्यक्ष सुनील चित्रा घीया, सुबोध कामरेड, मुल्कराज बादशा, प्रफुल्ल जैन, सचिन जैन, प्रदीप जैन निवर्तमान रीजन अध्यक्ष सभी ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। राष्ट्रीय अधिवेशन में प्राप्तअवार्ड से सम्मानित सभी ग्रुप अध्यक्षों, ध्वजारोहण कर्ताओ एवं समागम, कोनी जी के शानदार आयोजन के लिए पाटन ग्रुप के अध्यक्ष जयपाल जैन व शहपुरा ग्रुप के सौरभ जैन का सम्मान किया गया। इसी तारतम्य में फेडरेशन की शिरोमणि संरक्षिका पुष्पा जी कासलीवाल, मनोहर झांझरी राष्ट्रीय अध्यक्ष, राकेश विनायका निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष, विनय जैन राष्ट्रीय महासचिव, अश्विन कासलीवाल राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष का शानदार अधिवेशन के लिए बधाई व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी राष्ट्रीय पदाधिकारियों का अभिनंदन पत्र सुनील चित्रा घीया ने वाचन के साथ राष्ट्रीय महासचिव विनय जैन को मनोजसाधना जैन, रश्मि अमित पारस, चित्रा घीया, हेमंत सपना की उपस्थिति में ससम्मान भेंट किया। साथ ही जबलपुर विकास प्राधिकरण के नव निर्वाचित अध्यक्ष संदीप जैन का स्वागत व सम्मान महाकौशल विंध्य रीजन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन हेमंत सपना ने किया। सुनील चित्रा घीया ने शब्दों के माध्यम से समस्त ग्रुपों की उपस्थिति के लिए पदाधिकारियों का आभार किया ।

# असद खान जबलपुर मंडल स्पोर्ट्स विंग के अध्यक्ष चुने गये

**नितिन तोमर बने सचिव**




**नवभारत, जबलपुर।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के जबलपुर मंडल में स्पोर्ट्स विंग के नवीन पदाधिकारियों का निर्वाचन स्थानीय रेलवे ग्राउंड में संपन्न हुआ। यह प्रक्रिया एनएफआईआर के संयुक्त महामंत्री व संघ के महामंत्री अशोक शर्मा एवं अध्यक्ष सीएम उपाध्याय के दिशा-निर्देशों पर पूरी की गई। इस चुनावी कार्यक्रम में रेल कर्मचारियों और खिलाड़ियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान मंडल सचिव डीपी अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष एस एन शुक्ला, संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती, कोषाध्यक्ष हर्ष वर्मा और महिला महामंत्री सविता त्रिपाठी की प्रमुख उपस्थिति रही। निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में 20 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इस प्रक्रिया का उद्देश्य खेल गतिविधियों को नई दिशा देना और खिलाड़ियों के हितों के लिए कार्य करना है।

### घोषित हुई नवीन कार्यकारिणी

निर्वाचन के उपरांत सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की नई टीम की घोषणा की गई। असद खान को स्पोर्ट्स विंग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि नितिन तोमर को सचिव का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा नवीन उपाध्याय कार्यकारी अध्यक्ष, नीलेश पिल्लई व अविनाश उपाध्यक्ष, गुंजन कुमार कोषाध्यक्ष और हसन अली को खेल संयोजक के रूप में चुना गया है। यह 20 सदस्यीय टीम संगठन के मार्गदर्शन में खेल के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाएगी। संगठन की कार्यप्रणाली को समावेशी बनाते हुए इस बार गठित कार्यकारिणी में महिला रेल खिलाड़ियों को विशेष प्रतिनिधित्व दिया गया है। महिला खिलाड़ियों को न केवल टीम का हिस्सा बनाया गया है, बल्कि उन्हें खेल प्रबंधन और खेल संबंधी नीतियों के निर्धारण में निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार भी दिया गया है।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में अशोक पाठक, संतोष यादव, अफजल हाशमी, भूपत सिंह, बॉबी धौलपुरी, सतीश कुमार, शरद कुमार, हेमंत पंद्रे, अमन और गोविंद उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ नेताओं ने नई स्पोर्ट्स विंग को उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि यह टीम खेल जगत में नई उपलब्धियां हासिल करेगी।

### 'खेल सुविधाओं को किया जाएगा बेहतर

इस कदम का उद्देश्य महिला खिलाड़ियों के कौशल को प्रोत्साहित करना और उन्हें संगठन की मुख्यधारा में सम्मानजनक अवसर प्रदान करना है। पदभार ग्रहण करने के साथ ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने खेल सुविधाओं के विकास का संकल्प लिया है। नई टीम का मुख्य लक्ष्य जबलपुर रेलवे ग्राउंड में अभ्यास के लिए उपलब्ध बुनियादी खेल सुविधाओं को और अधिक उन्नत व बेहतर बनाना है। पदाधिकारियों का कहना है कि वे खिलाड़ियों को ऐसी परिस्थितियां प्रदान करेंगे जिससे वे अपनी योग्यता के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

# देश भर से आए साहित्यकारों ने बांधा समा




**नवभारत,जबलपुर।** साहित्य अकादमी एवं गुलशन-ए-अदब के संयुक्त तत्वावधान में 'गोंडवाना और महाकौशल में उर्दू भाषा और साहित्य की स्थिति' विषय पर अखिल भारतीय संगोष्ठी एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए साहित्यकारों, शायरों और बुद्धिजीवियों ने भाग लेकर उर्दू भाषा, साहित्य और उसकी साझा तहज़ीब पर विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार चंद्रभान ख़याल ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा कि 'उर्दू भाषा आम हिन्दुस्तानियों की भाषा है। यह केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी गंगा-जमुनी तहज़ीब और सांस्कृतिक विरासत की पहचान है।'

कार्यक्रम के प्रारंभ में साहित्य अकादमी के सह-संचालक अनुपम तिवारी ने स्वागत भाषण दिया, जबकि उद्घाटन प्यारे साहब ने किया। प्रथम सत्र में जमील अहमद जमील, शफीक अंसारी, स्तुति अग्रवाल, डॉ. जलीलुर्रहमान, डॉ. महताब आलम एवं डॉ. अंजुम बाराबंकवी ने अपने आलेख प्रस्तुत किए। सत्र का संचालन शकील बाबू ने किया। अतिथियों के स्वागत में शेख निज़ामी, शोएब अख्तर, साबिर खान, नैयरुल इस्लाम, श्रीमती यास्मीन बानो एवं सायरा बानो की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के दौरान जनाब महबूब आलम को साहित्य सेवा के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने पर उपस्थित साहित्यकारों एवं श्रोताओं ने उनका अभिनंदन किया।

### पेश की गई एक से बढ़कर एक रचनाएं

दूसरे सत्र में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन वरिष्ठ समाज सेवी मतीन अंसारी ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सरदार हकीम बाबा एवं डॉ. मुईन अंसारी उपस्थित रहे। कवि सम्मेलन में सोहन सलिल, परवेज़ परवाज़, डॉ. महताब आलम, डॉ. जलीलुर्रहमान, डॉ. अंजुम बाराबंकवी, बाबू अनवर निज़ामी, शेख निज़ामी, ताबिश नैयर दमोही, चंद्रभान ख़याल एवं स्तुति अग्रवाल ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन राशिद राही ने किया, जबकि अंत में आभार प्रदर्शन शेख निज़ामी द्वारा किया गया।

# निलंबन आदेश के विरुद्ध अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष करें अपील



**फॉरेस्ट रेंजर की याचिका का हाईकोर्ट ने किया निराकरण**

**नवभारत,जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने एक याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण कर दिया कि याचिकाकर्ता निलंबन आदेश के विरुद्ध अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील करें।

याचिकाकर्ता जबलपुर निवासी फॉरेस्ट रेंजर शिशुपाल अहिरवार की ओर से अधिवक्ता संजय के अग्रवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मुख्य वन संरक्षक छतरपुर द्वारा 22 अप्रैल 2026 को जारी निलंबन आदेश अवैध, अधिकारविहीन और प्राकृतिक न्याय के विरुद्ध होने के कारण चुनौती के योग्य है। याचिकाकर्ता राज्यपाल द्वारा नियुक्त द्वितीय श्रेणी राजपत्रित अधिकारी है, इसलिए चीफ कंजर्वेटर आफ फारेस्ट उसके विरुद्ध निलंबन की अनुशासनात्मक कार्रवाई करने के लिए सक्षम प्राधिकारी नहीं हैं। वहीं मामले में शासन की ओर से याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि विभिन्न अधिसूचनाओं व परिपत्रों, विशेषकर 29 जुलाई 2011 के परिपत्र के अनुसार उन्हें फारेस्ट रेंजर के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई व निलंबन का अधिकार है। हाईकोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार करते हुए माना कि चीफ कंजर्वेटर आफ फारेस्ट को फारेस्ट रेंजर के विरुद्ध निलंबन आदेश पारित करने का अधिकार प्राप्त है। याचिकाकर्ता के पास निलंबन आदेश के विरुद्ध अपील का वैकल्पिक उपाय उपलब्ध है। इसलिए याचिका का निस्तारण करते हुए याचिकाकर्ता को विधि के अनुसार अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील करने की स्वतंत्रता प्रदान की जाती है।



# भक्तों के दुख हरने अवतरित होते हैं श्रीहरि नारायण : देवाचार्य

**नवभारत, जबलपुर।** कैलाशपुरी हाथीताल स्थित दुर्गा मंदिर में श्री आदर्श केशरवानी वैश्य समाज संगठन द्वारा 14 मई से 21 मई तक श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा के पांचवें दिन नंदोत्सव और श्रीकृष्ण बाल लीलाओं की कथा संपन्न हुई। इस अवसर पर श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने व्यास पीठ से अपने उद्गार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान मुख्य यजमान कपूरचंद्र केसरवानी, हरिवंश-निर्मला केसरवानी और नारायण दास-शान्ति देवी केसरवानी सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने व्यास पीठ का विधि-विधान से पूजन, अर्चन और आरती की।

स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीहरि नारायण ने भक्तों के कल्याण के लिए असंख्य बार अवतार लिया है। उन्होंने बताया कि त्रेतायुग में भगवान श्री राम ने मर्यादा में रहकर असुरों का नाश किया और समाज को अनुशासन व मर्यादा से परिवार में सेवा कार्य करने की सीख दी। वहीं, द्वापर युग में श्रीकृष्ण ने लीला पुरुषोत्तम स्वरूप में कंस के कारागार में जन्म लेकर गोपालक नंद के घर वृंदावन में बाल लीलाएं की और संपूर्ण जगत को अपने बाल स्वरूप से आनंदित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में कुंजविहारी केसरवानी, हरि शंकर-कान्ति केसरवानी, हिंद लाल केसरवानी, शिवदीन केसरवानी, रामरूप-रामबाई केसरवानी, कन्हैया लाल केसरवानी, मूलचंद्र-शाकुंतला केसरवानी, राम कृपाल केसरवानी, राम दिनेश सेन-सुभद्रा सेन, बनवारी लाल-गुलाब कली केसरवानी, केदारनाथ-गीता केसरवानी, मिश्री लाल-शीला केसरवानी, हरिवंश-सुनीता केसरवानी, प्रदीप-सरोज केसरवानी, प्रेम लाल-बेला कली गुप्ता और यमुनी प्रसाद-अर्चना केसरवानी ने भी व्यास पीठ का संयुक्त रूप से पूजन और अर्चन किया।

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार कमलेश कुमार त्रिपाठी पिता आर.के. त्रिपाठी नि. 583 आंनद कॉलोनी बल्देवबाग जबलपुर की और से अधिकृत होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार ने संपत्ति स्वामी विक्रेता शिव कुमार पटेल पिता रामलाल पटेल निवासी ग्राम अंधुआ वार्ड नं. 71 जिला जबलपुर वालो से उनके स्वामित्व की संपत्ति नगर निगम जबलपुर के अंतर्गत आवासीय मकान जो मौजा अंधुआ वीर दुर्गादास वार्ड न. 71 तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर जिसका कुल रकवा 10×45=450 वर्गफुट है जिसका संपत्ति पंजीयन क्रमांक 1004067646 हैं जिसके उत्तर में साईड रोड, दक्षिण में धर्मपाल सिंह का गैरिज, पूर्व में हरविंद पटेल के घर का रास्ता, पश्चिम में जबलपुर बायपास सर्विस रोड है जिसे खरीदने का सौदा मेरे पक्षकार ने कर लिया है जिसका निकट भविष्य में पंजीयन होना शेष है अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो वह मूल दस्तावेजों सहित प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें निर्धारित समयावधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नही होगी और मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति का रजिस्टर्ड बैनामा अपने नाम करा लेगा। जबलपुर दिनांक 19.05.2026 भवदीय-

**रामकिशोर शिवहरे एड.**
एल.आई.जी. 58, धनवंतरी नगर गढ़ा
जबलपुर मो.- 9300788891

**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र./जविप्रा/विद्युत शाखा/2026/725/जबलपुर, दिनांक : 18/05/2026

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जबलपुर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 64 एवं 65 के अंतर्गत एसआर-3 रोड में स्थित 132 केवी टावर शिफ्टिंग का कार्य दिनांक 18/05/2026 से प्रारंभ किया जा रहा है, जिसके कारण प्राधिकरण की निर्माणाधीन रोड़ पर उक्त कार्य समाप्त होने तक वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

यदि किसी व्यक्ति द्वारा वाहन इस प्रतिबंधित मार्ग में प्रवेश किया जाता है तो हाईटेंशन लाईन के पास दुर्घटना की स्थिति निर्मित हो सकती है, इस स्थिति में जानमाल के नुकसान के लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(मु.का.अधि.महो.द्वारा आदेशित)

**कार्यपालन यंत्री (वि./यां.)**
**जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

# ताला-मानपुर मार्ग पर कार-बाइक में भिड़ंत, 2 की मौत

**चिल्हारी नवभारत 18 मई।** ताला-मानपुर मार्ग पर सरमनिया मोड़ के पास आज सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे हुए दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार कार और मोटरसाईकिल की जोरदार भिड़ंत में बाइक सवार हैदर खान की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बाइक पर सवार अनिल रजक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका बायां पैर बुरी तरह टूट गया था। घटना के बाद ताला चौकी पुलिस की मदद से घायल अनिल रजक को गंभीर हालत में सीएचसी मानपुर लाया गया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने के बाद भी समय पर एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई, जिससे उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और परिजनों के सामने ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

### अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप

घटना के बाद अस्पताल परिसर में आक्रोश का माहौल बन गया। मृतक के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यदि समय पर एम्बुलेंस और बेहतर उपचार मिलता तो शायद अनिल रजक की जान बचाई जा सकती थी।

### अस्पताल बन गया है रेफरल सेंटर

स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी मानपुर लंबे समय से डॉक्टरों की कमी, अव्यवस्था और संसाधनों के अभाव से जूझ रहा है। कई गंभीर मामलों में यहां केवल प्राथमिक उपचार के बाद मरीजों को रेफर कर दिया जाता है, जिससे अस्पताल अब 'रेफरल सेंटर' बनकर रह गया है।

### थाना प्रभारी की तत्परता से धराए आरोपी

विगत दिनों नवभारत में प्रकाशित खबर को प्रमुखता से लेते हुए मानपुर थाना प्रभारी ने सराहनीय कार्य किया जो कि जिले के मानपुर में कटनी जिला स्थित कैमोर निवासी एक करीब 15 वर्षीय बालक मानपुर स्थित अपने रिश्तेदारी में घूमने आया था। युवक कुछ दिन पहले रहस्यमय तरीके से गायब हो गया, जिसकी काफी खोजबीन के बाद जब कहीं पता नहीं चला तो अंततः परिजन परेशान होकर मानपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसके बाद मानपुर थाना प्रभारी हरकत में आए और खोजबीन के बाद उक्त युवक की लाश को ज्वालामुखी के जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। युवक की लाश मिलते ही क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाओं का माहौल बन गया। थाना प्रभारी के सामने उक्त मामला किसी चुनौती से कम नहीं था, जिसके बाद थाना प्रभारी ने उक्त बस्ती के कुछ संदिग्ध बालकों को उठाया और उनसे पूछताछ की।

**नाम सुधार सूचना**

मैं आर्द्रा शर्मा पति श्री नागेन्द्र शर्मा निवासी ग्राम- मझगवॉ, पोस्ट- मझगवॉ (सरौली) तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर म.प्र. पिन कोड- 483334 की मूल निवासी हूँ यह कि मेरे पुत्र-नैतिक शर्मा की कक्षा दसवीं की अंकसूची में मेरा चलित नाम वर्षा शर्मा अंकित है, जबकि मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम आर्द्रा त्रिपाठी दर्ज है एवं मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम आर्द्रा शर्मा दर्ज है। आशय यह है कि वर्षा शर्मा, आर्द्रा त्रिपाठी और आर्द्रा शर्मा तीनों नाम एक ही महिला अर्थात मुझ शपथकर्ता के ही है, जो सत्य एवं सही हैं। संलग्न विषय यह है कि मेरे पुत्र के पासपोर्ट में मेरा नाम आर्द्रा शर्मा ARDRA SHARMA दर्ज कर पासपोर्ट की समस्त कार्यवाही को पूर्ण किया जाये। इस वास्ते मांगा गया शपथ पत्र जानकारी सहित प्रस्तुत हैं।

**सही नाम- आर्द्रा शर्मा**
**(ARDRA SHARMA)**